THE

HINDI VERSION

OF

THE MAHABHARATA,

(A WELL-KNOWN SANSKRITA EPIC)

WRITTEN ON THE METRE OF "ALHA."

EDITED AND PUBLISHED

BY

PT. RAMA RUTNA BAJPAI

महाभारतभारतखण्डभाषा

द्वितीयभाग

जिसमें

भीष्म, द्रोण, कर्ण, शल्य, गदा, सौप्तिक, ऐषिक, विशोक, स्त्री, अश्वमेध, आश्रमवास, मुशल, महाप्रस्थान व स्वर्गारोहणादि पर्व हैं

जिसको

श्रीउन्नाम प्रदेशान्तर्गत बंथरग्रामनिवासि वाजपेयि कुलकमलश्रीशिवचरणलालशर्म सूनु पण्डितरामरत्नने स्वप्रदेशान्तर्गत मसवासीग्रामनिवासि श्रीभागूलाल दीक्षितस्यात्मज पण्डित बंदीदीनसे नवरसकला विज्ञ रसिक पुरुषोंके चित्ताह्लादार्थ अतीव परिश्रमसे आल्हाकी रीतिपर निर्मितकराय श्रीडबल्यू सी बिनट सिक्रेटरी जुडीशल डिपार्ट पश्चिमोत्तर व अवध देशके अर्पण किया

प्रथमवार

लखनऊ

मुंशीनवलकिशोर (सी आई ई) के छापेखाने में छपा
मई सन १८९० ई०

इसयन्त्रालय में जोकाव्यकीपुस्तकेंछपीहैं उनमेंसेकुछ नीचेलिखीहैं

नानार्थसंग्रहावली ॥

पण्डित मातादीन शुक्ल रचित सातपोथी का संग्रह है (१)संग्रहावली(२)रामायणमाला(३)रामायणगीताष्टक (४)ज्ञानदोहावली(५)रससारिणी(६)तिथिबोध(७)मातृदत्तकृतपिंगल अक्षर बहुतपुष्टहै कि वृद्ध और बालकभी पढ़ सक्ते हैं ॥

कृष्णप्रिया ॥

मंगलप्रसाद विरचित ब्रजबिलास की तरहपर श्रीकृष्ण जीका जन्मसे बैकुण्ठ गमन पर्य्यन्त चरित्र है यहकाव्यालंकारयुक्त बहुतही सुन्दर पुस्तक है ॥

छन्दोर्णव पिंगल ॥

जिसमेंमात्रावृत्त, वर्णवृत्त, मेरु,मर्कटी, पताका, लघुगुरुस्थापनरीति और सब छन्दोंके दृष्टांत सहित रूपहैं ॥

रसराज ॥

मतिरामजी कविरचित जिसमें अतिमनोहरतासे काव्यालंकारसंयुक्तनायकाभेदका बर्णनहै ॥

कविकुलकल्पतरु ॥

भूषणचिन्तामणिजी रचित जिसमें अतिरुचिर छन्दों में नायकाभेदकी पूरीबातें लिखीहैं ॥

शतसयीसटीकविहारीलालजी रचित ॥

श्रीकृष्ण राधाजीके विषयमें सम्पर्ण नायकाभेदकाबर्णन सातसौ दोहोंमें है और दोहोंके भावार्थ के सवैये और कबित्व भी हैं ॥

सभाबिलास ॥

जिसमें सभाकी चतुरताके लिये चुनीहुई बातें जैसेनीति

To

THE HONORABLE WILLIAM CHARLES BENNETT,

WHO

JOINED THE OUDH COMMISSION IN DECEMBER 1867

AND

Throughout his service as Manager of Encumbered Estates; Settlement Officer; Director of Agriculture; Revenue Secretary to Government; Member of the Legislative Council of the N.-W. P. and Oudh; and Fellow of the Allahabad University, has been a sincere and steadfast friend of the country and its people,

This work

IS

By Permission,

Most respectfully dedicated,

BY

His most humble, most obedient
and most devoted servant.

PT. RAM RUTTAN, BAJPAI.

Great men have been among us—hands that penned, tongues that uttered wisdom—better none.

Wordsworth.

The name of "Mahabharata" is sure to be familiar to those at least who know or care to know India and its history. It is one of the works of *Vyas Darpuyan*—the greatest of the Indian poets. Numerous Voluminous works are ascribed to him, so that there has, lately, sprung up a class of literary men who hold that many of them are not his productions. However no one doubts that the Mahabharata is the outcome of his brain. This great Epic has, in consideration of its being trustworthy and authoritative as also on account of its moral worth, been sometimes called the 5*th Veda*—a title too hold for any literary work to assume in face of the strong religions prejudices.

It would be vain on my part to attempt to give here even an outline of what this great Epic contains, or a description of its Merits; the former would be too lengthy for a preface, and the latter can better be felt than described. Its popularity is evident from the fact that notwithstanding its enormous size it has been translated into Bhasha, Urdu and Bengali languages and is, now being rendered into English.

One of the several objects in view in offering the present vision of the Mahabharata is to make it more clearly understood by the unlettered country-folks who often find it difficult to deciples the sense of a polished sentence. The various translations above referred to, whether in poetry or in prose, are generally unintelligible to them; and thus their knowledge of Indian History remains as poor as ever. To remedy this, I have selected the heroic metre of Alha—a collection of very popular and romantic ballads in the recitation and bearing of which the country people have, of late, begun to take so much interest. These ballads describe at length the exploits of Alha and his brave companions but these exploits are not corroborated by history.

The introduction in a like a garb, of so authentic a statement of historical facts as contained in the work of *Veda Vyas* in place of the above fictitious ballads, is calculated to ward off the corruption of the public mind by discouraging their interest and belief in the latter. It is at the same time expected to be more beneficial to them so far as their knowledge of the History of India is concerned.

I have desisted from speaking in praise of the work, for it will, it is hoped, find its own way to public esteem and approbation.

In conclusion I cannot sufficiently thank my friend Pundit Bandi Din to whose poetic inspiration this version is entirely due.

RAM RUTTAN, BAJPAI.

आल्हखण्डका सूची पत्र।

इति

भारतखण्डकाविज्ञापन

हेगणनायक जनसुखदायक सुन्दरमदन बदनअभिराम
सिद्धिदेवैया श्रुति वरणतयश भाषतविघ्न विदारणनाम
आदिदेवता सबजगपूजित महिमा अमित कहीना जाय
तुवपद पंकजरज उरमाधरि भारतखण्ड कहतकछुगाय
हे मतिदाता माता शारद निज बालक पर होहु दयाल
शुभ बुधि साजौ कण्ठ बिराजौ तौ कछुकहौं पुरातन हाल
भारत गाथा बिस्तारत हौं संगर पाण्डु कौरवन क्यार
हे जगरानी सिधिबानीकरु दानी विदित नाम जग त्वार
हे नँदनंदन जन मन चंदन बंदन करत तुम्हारे पायं
हिये बिराजौ निजसेवक के जासों ग्रंथ नाथ बनिजाय
जितने देउता त्रयलोकी महँ सब के चरण नवावत माथ
करिअभिलाषा भारत भाषा गावत ग्रंथ नाथ तुव हाथ
अब कछु चर्चा बिस्तारत हौं जेहिबिधि भयो ग्रंथ अवतार
सुने सुनाये जेहि भारत के दूनौ लोक होत उद्धार
रामचन्द्र की राज अयोध्या भारत मध्य विदित सुस्थान
जिला दुआदश जेहि अन्तर्गत हैभूगोल माहिं परमान
तिन मा उत्तम यक बरणतजन हैशुभनाम जासु उन्नाम
त्यहि अन्तर्गत सुरसरि तटपर बंथरग्राम एक अभिराम
परम प्रबीने जनबासी जहँ सुन्दर चारि वर्ण को ठाम
तामहं टोला अनमोला इक जामहं सर्ब द्विजन के धाम १
वाजपेयिकुलकमल वसततहँ अतिशुभ हंसबंशअभिराम
धर्मप्रतिष्ठित हरिपद निष्ठित श्रीयुत नेकरामअसनाम १
ज्ञानी मानी द्विजसन्मानी जिनको देवभक्तिसों काम
लसतहवेली अलबेली तहँ विरच्यो जलकरनजनुधाम १

कीरति जाहिर ग्रामग्राममहँ दिनप्रति अधिक२ मर्याद ॥
तिनअवतारिकसुतचारिकभे सबदुखहरनकरनअहलाद १३
शीलडीलवर चारिउ लरिका जेठ श्रेष्ठ शिवचरणलाल ॥
श्रुतिपथपालक धर्मकर्मयुत कारक विप्रधेनु प्रतिपाल १४
तनमन सेवक पितुमाताके राखल महादेव पदध्यान ॥
तिनकेलरिका इक पैदाभये उज्ज्वलबंश प्रशंसकभान १५
भयेशिरोमणि जस प्रथमें के पुरिखा महाविभवकेधाम ॥
तैसइमाता उनका जायो सुन्दर रामरत्न असनाम १६
बंशउजागर सबगुण आगर कीरति बिमल बरणिनाजाय ॥
दीनसुखारी जन दुखहारी तनमनदया भया दरियाय १७
सतमति पूरे द्युतिरूरे अति सज्जन गुणिनमान दातार ॥
क्षमा छबीले युतशीलेबहु दायकसंत द्विजहिं सत्कार १८
बालअवस्था तेविद्यापढ़ि दिन२ लह्यो अधिक अधिकार ॥
सुमतिशीलतालखिसज्जनजन कीन्ह्योसबप्रकारसत्कार १९
जाहिरलक्ष्मणपुरच्चारिउदिशि जहँअतिधनिकबनिककेधाम ॥
मध्यमोहल्लायक विकसतजेहि हज़रतगंजबखानतनाम २०
निर्मितकीन्हयों यन्त्रालयतहँ श्रीमन्नवलकिशोर उदार ॥
मानसरोवर श्रीभार्गवकुल तासहँ अमलकमल अवतार २१
कियो प्रफुल्लित यंत्रालयशुभ भारतमध्यनाहिं असअन्य ॥
होतजीविकामरसहसनकी जोकोउ लखतकहतसो धन्य २२
तेजप्रकाश्यो दिशिभास्योचहुं सहिनहिंसकतअन्यनरदाब ॥
आब देखिकै इँग्लेंडी ने (सी, आई, ई) दीन खिताब २३
तिनसन्मान्यो पण्डितबरका दीन्ह्यो हर्षि उच्च अधिकार ॥
टैपडिपारटके अफिसरकरि कीन्ह्यो विविधभांतिसत्कार २४
दिन २ रोशनकै दिखरायो अतिशय दियो कामअंजाम ॥
परम पियारे मुंशीजीके तसगुण रामरत्न जस नाम २५
पन्द्रहवर्षके भये मुलाज़िम दिन २ अधिक २ अधिकार ॥
कियो पर्यटन अतिबसुधाको ओहदापाय आममुख्तार २६

घूमत २ चारिउ दिशिमा निरख्यो वर्तमान युगहाल ।
अतिरुचिपुरुषनकीआल्हापर निशिदिनजमोरहतसोइख्याल
देखिव्यवस्था असपुरुषनकी जाको भलो न कछु परिणाम ।
कियो चिन्तवन उर पण्डितवर जासों एकपंथ दुइकाम २८
यहु जो आल्हा नरगावत हैं ताको नाकछु ठीक ठिकान ॥
कतौंन दीख्यो तवारीखमा नाकेहु अन्यग्रन्थ परमान २९
नहिं कछु तामहँ हरि चर्चा है नाकेहु अन्य देव को नाम ॥
इतउत स्वारथ कछु नाहींहै ऐसो कौन चहौ नाकाम ३०
उरमहँ ठनिगै पण्डितवरके जोकछुअसलागि जाय उपाय ॥
पर्वअठारहमहभारत शुभ भाषाआल्हखण्ड बनिजाय ३१
रहे चिंतवन यह राखे उर केहुविधि आश पुरावहिं राम ॥
गये पर्यटन को अवसर इक साहब लफ्टनण्टके ठाम ३२
तहंसिक्रटरी लफ्टनंट के अति मतिमान ज्ञान गुणधाम ॥
श्रीआनरेविल युतभाषत कहि वलियमचार्ल्सविनटअसनाम
करौं प्रशंसा मैं इनकी कह इंगलेंडीय नरन महं ख्यात ॥
दया मया सों परिपूरित हिय कोमल चित्त चारु दरशात ३४
गमन वलायत ते जब ते करि निवसे भरतखंडमहं आय ॥
तब ते इनके शुभ वृत्तन को प्रकटत छंद बंध महं गाय ३५
सन् अट्ठारह सौ सरसठिके सुन्दर माह दिसम्बर माह ॥
ग्यारह दिवसनके बीतेपर बरहेंदिवस सहित उत्साह ३६
अवध कमीशन के ओहदापर अफसर भये हर्षके साथ ॥
बहुते समया लग कीन्ह्योंतेहि दृढ़ परबंध केर लखिपाथ ३७
कियो मनेजरी तेहि पाछे पुनि कर्जी रियासतनकी पाय ॥
कियो बहाली तिनसबहिनकी उत्तम इंतिजाम दिखराय ३८
फिरि सर्विसतह बंदोबस्तके अफसर भये रहे चिरकाल ॥
फेरितिजारत व जिराअतकी डैरेक्टरी कियो प्रतिपाल ३९
बहुदिन कीन्ह्यों यहिकारजको अतिशय इंतिजामके साथ ॥
तेजप्रकाश्यो गौरण्डनमहँ लण्डनलगे विदितयशगाथ ४०

अब यहिअवसर गवर्नमेंट के रेविन्यूसिक्रेटरी कहाय ॥
रहेकाजकरि उत्तमताके प्रभुतारही चहूंदिशि छाय ४१
देशपश्चिमोत्तरके कौंसलके लेजिसलेटिव कहतजेहिनाम ॥
तिहूके मेम्बर परमानेहैं जेहिमहँ रायदेन को काम ४२
यूनीवर्सिटी प्रागराजकी ताकेफैलो विदित बनाय ॥
गुणगणपूरे सबप्रकारसों भारत देश केर सुख दाय ४३
भारतवासी अतिआनँदहैं जिनकी देखि नीति की राह ॥
पायआपने असहाकिमको मानत धन्य भाग्य उत्साह ४४
कियो वार्ता तिन साहबसे पण्डित रामरत्न रुख पाय ॥
पर्व अठारह महभारतशुभ भाषा आल्हखंड बनिजाय ४५
भये अनंदित मन साहबअति अपनिउँरायदीनि फुरमाय॥
तब मनठान्यो श्रीपंडितवर केहुबिधिकाज पूर्णहोइजाय ४६
जस कछु मंशा पंडितवरकै तस संयोग मिलायो राम ॥
एक दिनौना केहुकारजबश पहुंचे महाराज ममठाम ४७
गंगाजी के उत्तर तटपर अति परसिद्ध मोर शुभ ग्राम ॥
है ममवासी पुर कासीसम सुन्दर ज़िला खिलाउन्नाम ४८
द्विज़ दीक्षितकुल अवतंसित मैं है अध्ययन ग्रंथको काम ॥
प्रपिता श्री द्विजरामदीनवर भागूलाल पिताको नाम ४९
रहौं भरोसे गुरु चरणन के और न कछू मोर इतमाम ॥
विद्याबलसों करौं जीविका बंदीदीन विप्रमम नाम ५०
शिवनारायण तिरपाठी कुल सो परसिद्ध मोर गुरुराय ॥
दया की दृष्टी मोपर करिकै विद्यादान दीन हर्षाय ५१
हिंदी भाषा पढ़यों प्रथमहीं सो गुरु आदि राम आधार ॥
ग्राम बदर्काके बासी शुभ पांड़े वंश अंश अवतार ५२
दूजे गुरुसन पढयों व्याकरण कीन्ह्यों काव्य ग्रंथ निर्द्धार ॥
शिवनारायण गुरु दूजे शुभ एकै ग्राम बास आगार ५३
भयों मुहर्रिर मैं बलियामा बंदोबस्त कार महं जाय ॥
तेही समइया के अवसर मा मिलिगे रामरत्न सुखदाय ५४

चर्चाकीन्ह्यों तिन आल्हाकी अपनोहृदय मनोरथभाखि ॥
भारतभाषा अभिलाषा सों करिये छंद बंध रुचिराखि ५५
गावनवारे गैबौ करिहैं भट संग्राम और हरिनाम ॥
लोक सुधरिहैं दोउनी की बिधि होइहैं एकपंथ दुइकाम ५६
पाय महाशयकी आज्ञाअस गनिशुभ लग्नमहूरत बार ॥
ध्याय गजाननसिद्धि पंथशुभ कीन्ह्यों ग्रंथकेर निर्द्धार ५७
बहुधनदीन्ह्यों मोहिंपण्डितबर कीन्ह्यों सबप्रकारसत्कार ॥
श्री नारायणकी दायासों मुदसह ग्रन्थ भयो तय्यार ५८

(श्रीवाजपेयिरामरत्नस्याज्ञाभिगामी
बन्दीदीन शर्मा)

अथ महाभारत भारतखण्डभाषा

भीष्मपर्व ॥

———o———

दोहा ॥

गणनायक पदशरणगहि ध्यायहिये सुरसर्व ।
रचत सुभारतखण्ड कहि भाषाभीषम पर्व ॥

सौरनी ॥

चरणमनैये गणनायकके शंकर पारवतीको लाल ।
आदिदेवता सब बरदायक सुमिरतछूटिजायजंजाल १
एकदन्तछबि जगमगराजै छाजैकला जगतउजियार ।
मूससवारी अतिशुभ सोहै दरशै वन्दनबुन्द लिलार २
सुमिरिभवानी जगदम्बाका श्रीशारदके चरणमनाय ।
आदिसरस्वति तुमकाध्यावों माताकण्ठबिराजौआय ३
ज्योतिबखानौंजगदम्बाकै जिनकीकलाबरणिनाजाय ।
शरदचन्द्रसमआननराजै अतिछबि अंगअंगरहिछाय ४
एकहाथ में पुस्तकराजै बीणा एक हाथ दरशाय ।
रतिसकुचावै रूप देखिकै सुरअंगना मोहिरहिजाय ५

मैंपदबन्दौं मुनिनायकके जिन अट्ठारह रचेपुरान ।
होहुसहायक निजसेवकपर श्रीवरब्यासदेवभगवान ६
जोकछुगायो महभारतमें कोरतिपाण्डु कौरवनकेरि ।
सोईआल्हाकरिगावतिहौं जसकछुज्ञानबुद्धिगतिमोरि ७
भीषमपारथको पुरुषारथ जिनकोरह्यो जगतयशछाय ।
सोइमहभारत आल्हाविरचौं भाषाभीषमपर्वबनाय ८

क० । श्री भृगुनन्दनके गुनगाय मनायहिये दशरत्थदुलारो ।
शूरशिरोमणिसूरजसे इकतीरहि बालिसोबीर संहारो ॥
पारथ भीषम से रणशूर जुरेरणजैं हरिको प्रणटारो ।
तिनशूरनको डरसौंरनकै पुनिपीछेक गावतवीरपवांरो ॥

सजी कचेहरी श्रीपाण्डवकै भारी लाग भूपदरबार ।
परेबिछौना मखमलु वाले औमसनंद बराबरियार ९
तकिया लागीं कमखावनकी औचहुंगिर्दा सजेबनाय ।
बड़े २ योधाहैं बैठकमा एकते एक शूर शिरताज १०
तहां बिराजैं सिंहासनपर श्रीबरबीर धर्ममहराज ।
सजीपोशाकैंमहराजनकी जिनमाकामसूबरणक्यार ११
छत्रबिराजैंरे माथेपर जिनकी शोभा बरणिनाजाय ।
बंधेबजुल्ला भुजदण्डन पर कंठा कंठरहे छबि छाय १२
मोहनमाला गलेमसोहैं मोतियनकटा रहीछहराय ।
अंगदजोसनकर कंकन हैं हीराचमकि २ रहिजाय १३
सोने सिंहासन राजा बैठो ऊपर चौंर ढुरैं गजगाह ।
कोछबिबरणौ वहिसमयाकै मानौ सभाबैठ सुरनाह १४
चारौ लरिका रे पांडव के एकते एक बीर बलवान ।
तेऊ बिराजें दरबारैमा बैठे कृष्णचन्द्र भगवान १५
वही समैया के अवसरमा बोले भूप युधिष्ठिरराय ।

बिनयहमारीइकसुनिलीजै हेहरितुमसनकहौंसुनाय १६
बंशलड़ाई कछुनीकीना ना कछु धर्म भूपतिन क्यार।
बंधु बिरोधौ कछु आछोना बंटाढारु होय परिवार १७
तेहिते तुमका समुझैयतुहै इतनी अर्ज सुनौभगवान।
तुमचलिजैयो दुर्योधनतै औसमुझैयोनीतिनिदान १८
पांचगांव जो हमका दैदें तौना होय बंश को हान।
सुनिकै बातैं कृष्णचन्द्रजी कौरवसभाकीनप्रस्थान १९
जहां कचेहरी दुर्योधनकै पहुंचे कृष्णचन्द्र भगवान।
उठिकैलीन्ह्योंदुर्योधनने गहिभुजभेंट्योकंठलगाय २०
आसनदीन्ह्योंश्रीमाधवको बैठे सभामध्य सब जाय।
पूंछीखबरिया दुर्योधन ने बोलेकृष्णचन्द्र महराज २१
कह्यो सँदेशा है पांडव ने सुनिये महाराज कुरुराज।
बंशलड़ाई कछु नीकी ना बंटाढारु होय परिवार २२
ताते तुमका समुझैयत है दीजै पांचगांव को राज।
सुनिकैबातैं कृष्णचन्द्र की तबदुर्योधनदियोजबाब २३
देहौं न सूजीके नोकाभरि कीन्हे बिना युद्ध के साज।
होयपराक्रम जो पांडवका हमसोंलेयसमरमें राज २४
इतनाकहतै परलय होइगै मनमा रोष कीनभगवान।
ऐसी बातैं तुम कहियो ना नाकछुनीकोयुद्धनिदान २५
हीने पांडव कछु तुमते ना जोरण सुनिकै जाहिं डेराय।
यहिकेधोखे तुमरहियोना लेहैंसबियां राजछड़ाय २६
इतना कहिकै दुर्योधनतै चलिभे कृष्णचन्द्र यदुराय।
जहां दुलरुवा रे पांडवके केशव तहां पहूंचे जाय २७
कह्योसंदेशा धर्मराज ते सुनिये भूप युधिष्ठिर राय।

मैंसमुझायों दुर्योधन का मांगे पांचगावं तहंजाय २८
कही हमारी उनमानीना भाषे गर्व वचन कुरुराय ।
बिनालड़ाई हम देबे ना चाहौ कोटिक करौउपाय २६
तेहिततुमको समुझैयतहै सुनिये भूप युधिष्ठिर राय ।
हितकीबातनकछुहवैहैना नाकछुसरिहैकामतुम्हार ३०
करौतयारी तुमलड़िबे का करिकै युद्धलेहिं गे राज ।
सुनिकै बातैं कृष्णचन्द्रकी शोचन लागधर्ममहराज ३१
भयेलड़ाई अब बचिहैना यहमैं निश्चय करी निदान ।
हाथजोरिकैफिरिबोलतिभे सुनियेदीनबंधुभगवान ३२
लरिबेलायक हमनाहीं हैं है ना नीको युद्ध निदान ।
योधा भीषम से जिनके हैं जाहिरमहारथीबलवान ३३
कृपाचार्य औ द्रोणाचारज सूरज पुत्र कर्ण रणनाथ ।
पारनपैहैं हमकौरवते जिनके लक्ष छत्र धर साथ ३४
जीतिन पैहैं कुरुनायकते मानौ सत्य वचन यदुराय ।
सुनिकै बातैधर्मराज की फिरिमाधवने कहो बुझाय ३५
राजन देहै कोउ मांगते सुनिये भूप युधिष्ठिर राज ।
करौतयारी तुमलरिबेका हवैहै औरभांति नाकाज ३६
शत्रुसंहारौ समर भूमि में पाछे लेहिं आपनो राज ।
कछूअंदेशा हिय मानौना सुनिये धर्मराज महराज ३७
द्रुपदविराटहुसे क्षत्रीगन सब लड़िबे को होयंतयार ।
सारथिहवैहौं मैंपारथको अर्जुनखेलिहैसमरबनाय ३८
भायभीम असजिनकेयोधा काहेक बैठेरहैं भयखाय ।
मारि भगैहैं कुरुनंदन का संगर उठिहैं युद्धमसान ३६
इतनी बातैं सुनिकेशव की तब अर्जुनने कहोबनाय ।

करौंतयारीरे लरिबेका सुनिये भूप युधिष्ठिर राय ४०
अपने बदलाका काकहिये अपना बदल लेय संसार।
मारिकौरवनका मुंहफेरौं लेहौंसमरभूमिबिचराजि ४१
वहीसमैया के औसरमा बोल्यो भीमसेन रिसिआय।
जोकछु भाष्योयदुनंदनने सो हमरेजियगईसमाय ४२
रचिये संगरमहभारथ को ममपुरूषारथ लखौनाय।
सबौदुलरुवारे कौरवके मरिहैंसमरसहितकुरुराय ४३
जितने योधा हैं कौरवके संगर भूमि सोवहैं धाय।
मातपितायाहीकासेवैं लरिकाकरे युद्ध वरि आय ४४
दबिके रहिबेना कौरवते हैं बर बारहा शत्रु हमार।
मोहरामारिहौं मैं भीषम का लेहौं युद्धकर्णतेजाय ४५
शूरसंहारौं मैं खेतनचढ़ि तौंपाण्डव को राज कुमार।
राजन लीन्ह्योंदुर्योधनते तौंधिरकारजिंदगीक्यार ४६
करौंन शंका कछु जियरेमा हैं यदुनंदन मोर सहाय।
बस्त्रबढ़ायो जिनद्रुपदी के राख्योबीचसभामेंलाज ४७
संकठटार्‍यो रे भक्तन के बूड़त तारिलीन गजराज।
समुझौतिनुकासमकौरवदल जापैहैं सहाययदुराज ४८
सुनिकै बातैं भीमसेन की आयसुदियो युधिष्ठिरराय।
लैकैअज्ञानरनायकको सबदलसजनलागयदुराय ४९
बजेनगारा पांडव दल मा औ जयशंख दीनबजवाय।
मारुमारु कहि मौहरिबाजै बाजै हावहावकरनाल ५०
मारू नगारा रणमाबाजैं गाजैं शूर ठोंकि भुजताल।
सुनिकैडंका रे लस्करमा क्षत्री सबै भयेबिकराल ५१
कौनौं आवै रे महलन ते पंजागहे ढाल तलवार।

कौनौं आवैं फुलबगियनते गेंदालिहे हजारा हार ५२
चढ़ी रोसइयां सरदारनकी कोउनहवावैं शालिकराम ।
कौनौं शूरमा मुदगरभाजैं कौनौलेजनरहाहिलाय ५३
जेतने योधा रे पांडव के सबियां सजन युद्धको लाग ।
कंचनकलशाभरिमंगवावैं गंगाजलसोंकियोनहान ५४
भस्मलगावैं भुजदंडन मा लैकै नाम दूर्गा क्यार ।
इक२बख्तरदुइ२जिरहैं निज२अंगनपहिरिसनाह५५
कसि २ पेटी रे कम्मरमा बांधी बिमलढालतलवार ।
टोपझलरिहा धरिमाथेपर औदुइनयना रहैंउघार ५६
लोहे कूंड़ी शिरपर धारैं जेहिमाफिसलिजायतरवारि ।
बारहकरदै कम्मर बांधैं इक २ छुराबगलमाधारि ५७
जोड़ोतमंचाकै दहिने पर लटकै कड़ाबीन हथियार ।
बरछी तिरछी हाथन लैलै जिनमाधरी चीरवांबाढ़ि५८
चमकैं भाला नागदौनिके लटुआ मनन २ मननाय ।
कसी निषंगैं करिहायें में खांड़े लिये दुधाराहाथ ५९
लीन्हेकमनियां धामनवारी सोहैं तीर कैबरी साथ ।
सिंहकिगर्जनि क्षत्री गरजैं जिनकीहांकबज्रहहराय६०
सजे बहादुर सब पांडवके एकते एक दई के लाल ।
द्रुपदबिराटहु से क्षत्री पति राजाशंख भयो तैयार ६१
सजैं सात्वकी भटअभिमनुसे औ पारथको राजकुमार ।
सूरसेनसेराजासजिगे लरिकासज्योहिड़ंबिनिक्यार ६२
सजो लड़ाइत जरासंध को जो धनुधारी बीरबलवान ।
साजिबछेड़ा धृष्टकेतु चलो काशीराज भयो तय्यार ६३
पांचो लरिका रे द्रुपदी के तेऊ रण को भये तयार ।

बीर शिषंडी सजिकै आवो शूरन शूर बीरसरदार ६४
नवल बछेड़न केरथ साजें औ मखमलके डारिवहार ॥
धृष्टद्युम्नऔसहदेव सजिगे चढ़िकंचनरथभयेतयार ६५
हनवन करिकै गंगाजलसों धोती पहिरि पोतियाकेरि।
कसैं जांघिया रेशमवाली औ ऊपरते कुलहकबार ६६
तेहिकेऊपर बखतरपहिर्यो जेहिमा अंग नआवैघाव।
बँधैं कटारी कोताखानी कम्मर बंधी ढाल तरवारि ६७
एक हाथमा गदा बिराजै सोहै एक हाथ धनु बान।
जितनीसैनामहराजाकै सबदल साजि भयोतय्यार ६८
सजै दुलारो कुन्ती वारो जेठ भूप युधिष्ठिर राय।
तुर्तमहावतकाबुलवावो साजो श्वेतबरणगजराज ६९
धरिकै गद्दा मखमल वारो रेशम रस्सन दयोकसाय।
धरीअमारीकंचनवारो झालरिलागिमोतियनकेरि ७०
लालजवाहिरजगमगहीराचमचमचमकिचमकिरहिजाय
चुम्बकपत्थरकोहौदाहै जेहिमेंख्यालहबलौंचाखाय ७१
दन्त मढ़ाये रे सुवरणसे जिनकी शोभा बरणिना जाय।
सीढ़ीलगाईमलयागिरिकी हौदाबैठयुधिष्ठिरराय ७२
छत्रबिराजै शिर कंचनका कलंगी फहरफहर फहराय।
कीटमुकुट परहीरा चमकैं मानौं उदयचंद्रमाक्यार ७३
काहयुधिष्ठिर कैछबिबरणौं जिनकीशोभा कहीनजाय।
सजिकैबैठो अंबारी पर मानो इन्द्र अखाड़े जाय ७४
सजैदुलारो फिरि कुन्तीका पारथ धीरबीर बलवान।
निजकरसाजैंश्रीयदुनंदन झीलमऔसनाहपहिराय ७५
मुकुटबिराजैमणिकंचनका बिचविच लगीरतनकैपांति।

शस्त्र बिराजैं सबअंगनमा कम्मर बंधीढालतरवारि ७६
तरकस बांधे हैं पीठीमा जिनमा भरी बान कैखानि ।
धनुगाण्डीवहुकरमासोहै यकमाबान लीनसंधानि ७७
नंदिघोष रथ सारथिसाजैं जेहिगति सुनेशत्रुथहराय ।
नवल बछेड़ा रथमाजोते घोड़ा चलैं पवनकीचाल ७८
घटाटोप रथ ऊपर छायो सोहैं ध्वजा मध्य हनुमान ।
मत्तमतंगा झूमतिआवैं सुनिरवशत्रुहोय भयमान ७६
परीअंध्यारी है नैननमा अतिमद झूमिझूमि रहिजाय ।
हाथजोरिकै तबगोविंदते पारथरथपर भयोसवार ८०
बनेसारथी तब यदुनन्दन औस्यंदन पर भये सवार ।
कोकविबरणैतबअरजुनकै जिनकेरथसारथिभगवान ८१
नवल बछेड़न कीजोतीगहि हांकत कृष्णचंद्रमहराज ।
अंगअंगपर अतिशोभाहै औपटपीत जातफहरात ८२
चपल चलांके रथबाजीहैं जिनकी लगै न धरती टाप ।
सुमिरिभवानी जगदंबाका औशंकरकेचरन मनाय ८३
सुमिरिदेवतागणनायकको औगोविंदके चरणपखारि ।
माथनायकै तब सुर्जनको पांचौ बंधु भयेअसवार ८४
माता कुंती करै आरती पूजै भुजबल कंठ लगाय ।
बाहंपकरिकैतबलरिकनकी हरिकोदीन्हीबाहँगहाय८५
मोरअनाथिन केबालकहैं कीन्ह्योसमरभूमि प्रतिपाल ।
मोरगोसइयां अबतुमहीहौ हेमधुसूदनदीनदयाल ८६
तबसमुझायो कृष्णचंद्रने तुम जनिशोचकरौमनमाहिं ।
मोहिंभरोसा यहुसांचोहै होइहैजीति अंदेशानाहिं ८७
कुन्तीचलिभै तबमहलनका माधव तुरतैकियोपयान ।

बजेनगारा तबलस्करमा करिशंखध्वनिहनेनिशान ८८
मारुमारु सहनैया बाजैं गाजैं शूरबीर सरदार।
सातक्षोहिनीहैपांडवदल चालिससहसक्षत्रअसवार ८९
तीनिकोटि कुंजर दलसोहैं औरथपांच कोटि हहरायं।
चिघरैं हाथी दलबादलमा बर्षाकाल मेघघहरायं ९०
तिरछे घोड़न के चढ़वैया भाला लिये छैल असवार।
घोड़ानचावैंगलियारनमा मानौहिरणाचौकरीखायं ९१
छम छम २ बजैं पैंजनी धमकैं अष्टधात की नाल।
गरजतिआवैं सबक्षत्रीदल पैदलतीसकोटिसरदार ९२
डगरत आवैं दलपाण्डवका जहंपर कुरुक्षेत्र मैदान।
ढाढ़ीकरषा बोलतिआवैं मागधकरैंविमलयशगान ९३
बेदकारिका ब्राह्मणबांचैं भूपति बिजय मनावतिजायं।
दबतिअंधेरियादलमाआवैं सबितारहेधुंधिमाछाय ९४
देवता शोचैं आसमानमा बेराप्रलय गई नगिचाय।
सवापहारुक के असीमा पहुंचे कुरुक्षेत्र मा जाय ९५
उड़ैं चिरैया रे बिरवनते अपने अपने लीन बस्यार।
चकईचकवाअलगनिहोइगे जान्योंभईरातिकीब्यार ९६
जोड़ी धामनकै दौरतिभै जहंदरबारु कौरवन क्यार।
जोरिगदोरियाबोलनलागे औकुरुनायकबातवोनाव ९७
सजिदल आयोहै पांडवका जहं पर कुरुक्षेत्र मैदान।
उठो दुलारा रे कौरव का औदरबार केबलवान ९८
करैं तयारी रे लरिबे का लैकै नाम दूर्गा क्यार।
सजैं शूरमा सब कौरवके एकते एक दई के लाल ९९
द्रोणाचारजऔ भीषम पति सूरज सुवन कर्णमहराज।

कृपाचार्यऔभटभूरिश्रव औवृषसेनशूरशिरताज १००
सोमदत्त औ कृतबर्मा हैं अश्वत्थाम अत्रि महराज ।
बाहुलीकभगदत्तौसजिगे जिनकीहांकइन्द्रकोगाज १०१
भूपकलिंगौ तुरतैसजिगयो औशशिबिंदु शल्यसरदार ।
दानवराजअलंबुषसाजोसजिकैचलोशकुनिनरनाथ१०२
औ सौ भैया हैं कलिंगके तेऊ सजे भूप के साथ ।
चढ़ेतुरंगनअति बलगाजैं लाजैं सुनेहांकसुरनाथ १०३
सजिसजिस्यंदनचढ़िनृपनंदन औचलिबेकोभयेतयार ।
हाथीचढ़ैया हाथिनचढ़िगे बांकेघोड़नकेअसवार १०४
गजमुक्तनकोझालरिसोहैं मोहैंरूप देखि रति सायं ।
सजिगोस्यंदनकुरुनायकका जेहिकीशोभावरणिनाजाय
लालप्रबालनकी झालरिहै बिच २ मणीकणीदरशाय।
हीराजवाहिरसोंबहुजन्को ऊपरघटाटोपरहोछाय१०६
चंचलघोड़ा तब जुतवाये जिनकीचालबरणि नाजाय।
साजिसारथीतबलैआयो औकुरुनाथकभयोसवार१०७
सुमिरणकरिकै महादेव का अपने कुलगुरुलीनमनाय।
आजुअखाड़मा बरणी है देवता हमकाहोहु सहाय१०८
सौभैयनलै सजो दुशासन स्यंदन साजिहोयअसवार ।
चढ़्योदुलारा कुरुनंदनका चालिससहस छत्रधरसाथ
मदमतवारे कुंजर साजे दलमा चिघरि २ रहिजायँ ।
हैंइकदन्ता औदुइदंता बड़े २ नागलीनसजवाय ११०
सैनकुंज मलयाधौरागिरि औभौरागिरि लीन सजाय ।
अंगदगजसेऔपंगदगज हाथीलयेअगिनियासाजि१११
मस्ताहाथी नकुला सबजा साजे श्वेतवरणगजराज ।

दंतमढ़ाये हैं सुवरणते झूमें समर भूमि माठाढ़ ११२
कंचन स्यंदन बहुसाजेहैं फहरैं सुन्दर ध्वजा निशान।
सजिदलबादल गेकौरवके चहुंदिशिअंधकाररह्योआन
भानुमती तब आरति साजैं सखियां करैं मंगलाचार।
चलिभोलस्करदुर्योधनका लागेशेषनागथहराय ११४
मारूनगारा बाजन लागे इत उत शंखनाद हहरात।
खरखर२जहँरथ दौरैं रब्बा चलैं पवन के साथ ११५
छमछम२बजैं पैंजनी अरु अरगजा ध्वजा फहराय।
डगमग २ धरती डोली देवता कंपि २ रहिजायं११६
पीठि दबानीरे कच्छप की डोले दन्तनदन्त बराह।
खलभलपरिगाचहुंओरनमा रहि२दिग्गजकरैं चिकार
सवापहारुक के असीमा आये कुरुक्षेत्र कुरुनाथ।
भीष्मपितामहतब बोलतिभे ओकुरुनायकबातवोना ब
सुनुमहराजाद्रोणाचारज यह निजुबचन करौपरमान।
सावधानहोसमरभूमिमा लैकैहाथधनुष औबान ११६
आयोलस्करहै पाण्डव का आगे कृष्णचन्द्र भगवान।
वहोसमइयाकेऔसरमा देख्योभूपयुधिष्ठिरआन१२०
हैं कुरुनायक दल सेनापति गंगासुवन गुरूमहराज।
तुरतैहाथीतेभुइँआये जिनकै शोभावरणिनाजाय १२१
जहंपर लस्कर दुर्योधन का पांडव तहांपहूंचेजाय।
इतनालखिकैअर्जुन बोले सुनियेदीनबंधुयदुराय१२२
शत्रु सैनमाधर्मराजगे यह कछुनाहिन नीति निदान।
कैदकरावै जोकुरुनंदन जग बंदनकहचलै उपाय १२३
पांसाखेलेजेहि मतिधरिकै सोई बुद्धि पहूंची आय।

वहिक्षणावर्ज्योमधुसूदनने अर्जुनमौनधारिरहिजाव १२४
देखौसामाकुरुनायक कै कैसो दलको कियोबनाव ।
यहांबतकहीऐसीगुजरीअब आगेकासुनोहवाल १२५
जेहिक्षण आये कौरवदलमाओनरनाह धर्म महाराज।
सबियांचकितभोकौरवदल आये मिलन युधिष्ठिरराज
अब हम जानी अपनेमनमा जीमा पांडव गयेडेराय।
आवतदेख्योधर्मराजका भीषमउतरिपरेअरगाय १२७
चरणपखाख्यो दोउपांडवने आशिष दई गंगसुतधाय।
गहिभुजभेंट्यो तबपांडवका तुम्हरो सदारहै जयछाय
शत्रु संहारौ समरभूमिमा पांडव धीर बीर बलगात।
जोरिगदोरिया राजाबोल्यो सुनिये भीष्मपितामहबात
हमतौ तुमका यहजानत हैं जैसे पिता पुत्र को नात ।
पांचौभैयाहमबालकरहे तुमहींभयेसहायकतात १३०
हमैंभरोसा सबतुम्हरोहै हमपर रहिये सदा दयाल।
राजपाटकेहमभूखेना जसजिय धर्मकेरप्रतिपाल १३१
छलके पांसाकौरव खेले हमका बनै दियो पठवाय।
तेरहबरसैंबनमाबसिकै लीन्हेसबियांदुःखउठाय १३२
राजपाट सब कौरव लीन्ह्यों मांगेदेत न पांचौ गांव।
काहबिचारैंहमअपनेमन औकहँजायरहैंकेहिठावं १३३
समुझै कौरव समुझायेना कीन्ह्यो महायुद्धको साज ।
तुमअसयोधाचढ़िकैआये कैसेकसरीहमारोकाज १३४
तुमरणलायक हमनाहीं हैं बालकनिपट बुद्धिअज्ञान।
तुमते संगर भृगुपति हारे हारे बड़े २ बलवान १३५
एक भरोसा मोहिंआवतहै होइहै जोति अंदेशानाहिं ।

आशिषतुम्हरीमैंपायोहै यहिमाकछूबिचारबनाहिं १३६
तादिनभीषम फिरिबोलतभे तुममहराजा साधु सुजान
बिजयतुम्हारीरणमेंहोइहै तुम्हरेहैंसहायभगवान १३७
जहांधर्म तहंकृष्णबिराजैं जयको तहांअवशि परमान।
कालहारिगोजिनसन्मुखमा तहंनरकाहकरैमैदान १३८
धर्म तुम्हारो सब जयकरिहै औहै राजधर्म तुमपाहिं।
तेहितेतुमकासमुझैयतहै राजनकरहुअंदेशानाहिं १३९
कौरव पांडव सैनतयारी भीषम पर्व प्रथम अध्याय।
रामरत्नकीअनुमतिलैकै बन्दीदीनकह्योयहगाय १४०

इतिश्री उन्नाम प्रदेशान्तर्गत बंथरग्राम निवासि बाजपेयि पं० रामरत्नस्या
ज्ञाभिगामी स्वप्रदेशान्तर्गत मसवासीग्राम निवासि पं० बन्दीदीन
दीक्षित निर्मित महाभारत भाषा भारतखण्डान्तर्गत भीष्मपर्व
कौरव पाण्डव युद्धोपाय कथनन्नाम प्रथमोध्यायः १॥

क०। युद्धको साज सज्यो दुहुंओरन शूरशिरोमणि सर्वसयाने।
लैदल बादल साजिचढ़े कुरुनन्दन पाण्डव शूरसुजाने॥
पारथ से पुरुषारथ वीर पराक्रम वंदित जासु बखाने।
छोड़िभगे बलवानघनै जिनको लखिकालहु हारिपराने॥

औरिबयरिया डोलनलागी औरै होनलाग व्यवहार।
सुनौ हकीकति अब आगे कै शूरन युद्ध कार निर्द्धार १
आशिष लैकै तब भीषमते आगे चले युधिष्ठिर राय।
चरणपखारयोगुरुगोबिंदके जिनकाकहीद्रोणगुरुराय २
आशिषदीन्ह्यों रे पांडवका तुम्हरोसदाहोयकल्यान।
शत्रुसंहारौ रणखेतन मा तुम्हरे अजयहोहिंधनुवान ३
फिरिकै पांडव बोलनलागे सुनिये गुरू द्रोणमहराज।
जौन त्रिलोकीमायोधा हैं तुम्हरे अस्त्र न आवैंबाज ४

जगतसंहारौतुमथकक्षनमा जो कहुं हाथलेहु धनुबान ।
तुम्हरेसंगरहम बरिश्कैवे बालकबिनबलबुद्धिअजान ५
द्रोणा चारज तब बोलतभये सुनियेभूप युधिष्ठिरराय ।
तुमजय पैहौ समरभूमिमा तुम्हरे यादवनाथ सहाय ६
एकद्रोणकी कछु गिनतीना कोटिनद्रोणचढ़ैं रणगाजि ।
जीतिनपावैं यदुनंदन ते भागैं समर भूमि ते लाजि ७
तोर सहायी श्रीकेशव हैं धर्मज बचन मानु ममपाहिं ।
बिजयकिमूरतियदुनंदनहैं तुम्हरी जीतिअंदेशानाहिं ८
हैं धनुधारी जहं पारथसे सारथिकृष्णचन्द्र महराज ।
तहांपराजयकोको कहिये सुनिये पुत्र धर्मशिरताज ९
इतनासुनिकै फिरिपांडवने बंद्यो कृपाचार्य पद जाय ।
आशिषदीन्ह्योंकृपाचार्यने तुम्हरीमंशा होयसहाय १०
धर्मराज फिरिबोलन लागे ओ रणशूरौ बात बनाउ ।
जेहिकीजीवनकीआशाहोइ सोभगवानशरणकोजाउ ११
नहिंपछितैहौ फिरिपीछेका यासों मानौ कहोहमार ।
सुनिकैबातै तब राजाकी बोल्यो नृपयुयुत्सुसरदार १२
मैंशरणागतहौं पांडवकी हे यदुनंदन होहु सहाय ।
जितनीसैना रहै राजाकी पांडवसैन गईअलगाय १३
तब दुर्योधन बोलनलागे सुनिये भीष्मपितामह बात ।
तुम सबसैनाकेमालिकहौ यहकहहोनलागउत्पात १४
भूपयुयुत्सव गोपांडवदल लैकै लक्ष छत्र धर साथ ।
तुमकछुबर्ज्योनापांडवका जनुकोउनाहिंसैनकोनाथ १५
तादिन भीषम बोलनलागे सुनिये महाराज कुरुराय ।
हमकामिलिबेपांडवआयो यहुनिजमानौबचनबनाय १६

कायरराजा हमरे दलका पांडव संग गयो अलगाय ।
यहिकै शंका कछुमानौना सुनिये महाराज कुरुराय १७
करौतयारी तुमलरिबेका सबविधिशंकर करहिंसहाय।
हमअसयोधा कछु नाहीं हैं जोरणचढ़िकै जायँहेराय १८
हमतेरणकरि भृगुपतिहारे कीन्ह्यो महाघोरसंग्राम।
मारिभगायोमैंभृगुपतिका ओकुरुनाथबुद्धिबलधाम १६
हमतेरणचढ़ि सुरपतिहारे देवताभये हारिभयमान।
बड़े २ राजन के मुंह मार्यों हारेबड़े २ बलवान २०
जीतिस्वयंबरमैंभैयाका अपनेभुजबल लायोंबिवाहि।
मैं कछुसमुझौनापांडवका कोटिन माधवकरैंसहाय २१
यहुप्रणराखौं मैं लस्करमा भाषौं समर उठाये बाहं ।
दश सहस्रनितयोधामारौं मारौंसमर सुभटनरनाह २२
काह विचारे हमसन लरिहैं सूधे भूप युधिष्ठिरराय।
सुनिकै बातैंतब भीषमकी मनमा खुशीभयेकुरुराय २३
तब दुर्योधन बोलन लागे सुनिये भीष्मपितामहबात।
बचनहमारेसुनिजियमागुनि तबकछुकहोयुद्धकीघात२४
कौरवपांडव दूनोंदलकी क्षोहिनि अट्ठारह परमान।
ताहिसंहारनकोदोउदलमा हैकोसुभटवीरबलवान २५
सुनिकै बातैं कुरुनंदन की तब भीषमने दियो जवाब।
सुनौदुलारे गंधारीके ओकुरुनायक बात बनाउ २६
तेज संभारौं जो कबहूंमैं मारौंदुओखेदि मैदान ।
एकैदिनमादोउदलमारौं फिरिनाहुआ हाथधनुबान२७
कबहुंककोपैंजो संगरमा द्रोणाचार्य गुरू महराज।
तीनि दिनौनाके अंतरमा दोउदल हनैंशूरशिरताज२८

समर भूमिमा रविसुत कोपै लस्करहनैझारि दिनपांच
तीनि दंडमा द्रोणीमारै फिरिना बचैकोउदलमांझ २६
एकौ पलजो पारथकोपै दोउदल काटिकरै खरिहान ।
हैपुरुषारथअसपारथमा करुदुर्योधनबचनप्रमान ३०
सुनिकै बातैं तबभीषमकी कौरव खाय सनाका जाय ।
दाबिअंगुरिया रेदंतनमा मनमा शोचिश्चरहिजाय ३१
फिरिकैबोल्यो तबभीषमते सुनियें मेरे पितामहबात ।
योधा अर्जुनअसजानतजो तौकारच्योसमरकीघात ३२
बिजयहमारीकेहिबिधिहोइहै पांडवसमरजीतिनाजाय ।
हालबतावो तुमसंगरके केहिबिधिलरबसामुहेजाय ३३
सुनिकैबातैं कुरुनन्दनकी दीन्हो भीष्मपितामहज्वाब ।
हैंबलशाली सबपांडवसुत हैप्रज्वलिततेजकीदाब ३४
करु रखवारीअपनेदलमा नितउठि समरकरौं मैदान ।
दशौं दिनौनामा पांडवदल सबियांकाटिकरौंखरिहान ३५
यही भरोसे निजभुजबल के लेहौं बिजैपत्र लिखवाय ।
मारि पांडवनका मुहुंफरौं चाहै कृष्णौ करैं सहाय ३६
यहौ हकीकति ऐसी गुजरी अबआगेका सुनौ हवाल ।
आयो युयुत्सवपांडवदलमा लैसंगधर्मराजभूपाल ३७
बिनै सुनावैं तबकेशवका करिये नाथयाहि प्रतिपाल ।
पांचौ भइयाहमजैसेहन तैसोइसमुझौदीनदयाल ३८
हंसिकै माधव बोलन लागे तुम्हरी मंशा होयसहाय ।
करौतयारीअब लरिबेकी तौकछु सोझै फेरिउपाय ३९
तुर्त महावत का बुलवायो राजा धर्मराज महराज ।
जल्दीजैयोतुमलस्करमा औसजिलाउमोरगजराज ४०

पवन बराबरचल्यो महावत लायोतुरत गयंदमजाय।
सुमिरिभवानीजगदंबाका औगोविंदकोमाथनवाय ४१
जोरिगदोरिया रेसुर्जनका हौदा फांदि होय असवार।
धरिलेलकारयोरेशूरनका ओरणबाघहोउहुशियार ४२
बजेनगारा ई घनगरजनि बारिस यथामेघघहरायं।
सुनिसुनिचोपैजैडंकाकी दुश्मनखायसनाकाजायं ४३
मारुमारु सहनैया बाजैं हौकैं हाव हाव करनाल।
जेरणमोहरिरणमाबाजैं सुनिभटवीरहोयंविकराल ४४
शंखध्वनिहोइदूनौदलमा कोउसमुझैना अपनिपराय।
रणअभिलाषीक्षत्रीगरजैं हाथनअस्त्रशस्त्रकोलाय ४५
जोरिगदोरिया अरजुनबोलै सुनियेकृष्णचंद्र महराज।
तुमरथराखौदोउसैनाबिच तौबनिजायभलीबिधिकाज
बाग बढ़ायो रथवाजिनकै सारथि कृश्नचंद्रभगवान।
गरजै पारथ रथऊपरते लीन्हे हाथ शरासनबान ४७
दोउदलकेबिचरथठाढ़ोकियो द्धौकर गहेवछेड़नदाम।
धनिधनिकहियेरेअरजुनकाजिनकेभयेसारथीश्याम ४८
ध्याननआवैं मुनियोगिनके नितउठिजिन्है तपस्यैकाम।
योगजगाये बनखंडनमा निशिदिनजपैंरामकोनाम ४९
शेष शारदा अन्तनपावैं गावैं कीरति वेद पुरान।
दीनदयालीसोबनमाली सारथिभयेदासहितआन ५०
पारथदीख्यो दल कौरवका गंगासुत परपरीनिगाह।
आगेस्यंदन है भीषमका जाहिरमहारथी जगमाहँ ५१
उज्ज्वल चांदीसोस्यंदनहै उज्ज्वलघटाटोपरह्योछाय।
श्वेत बछेड़ा रथमा जोते श्वेतैध्वजारह्योफहराय ५२

श्वेतै धन्वा है हाथेमा श्वेतै लगे चाप गुन बान ।
उज्ज्वलकंचनकामुकुटाहै मानौंमयेप्रज्वलितभान ५३
काला स्यंदन गुरुनायकका जोते चारि बछेड़ाश्याम ।
तापर सोहैं द्रोणाचारज शिक्षक अस्त्र शस्त्रकेधाम ५४
लखिदलभीतरकृपाचार्यको अरजुनबिस्मयकियोबनाय
फिरिसोंभैयाकौरवदेख्यो शिरपरश्वेतछत्ररहेछाय ५५
फिरिकैदीख्योसिंधुराजको मामाशल्यहिलख्योबनाय ।
शोचआइगोतबपारथको मनमाखायसनाकाजाय ५६
बंधु कुटुंबी सब चढ़िआये आयो युद्ध करन परिवार ।
इन्हैंमारिकैकाजयपइहौं करतेधनुषबानदियोडार ५७
होइ न भटता कुलमारेते ईना काम शूरमन केर ।
भैया बांधव सब मेरे हैं कापरगहौंधनुष गुनहेर ५८
तबसमुझायो यदुनन्दन ने पारथ सुनौ हमारी बात ।
धर्म क्षत्रियनकेछोड़ौना यह मतिफेरिनलाइयतात ५९
रणपर चढ़िकै जो क्षत्री डरै जावै अंतकाल यमधाम ।
धिकहै बाना क्षत्रीपनका धिकहै शूरबीर असनाम ६०
कोपिकै आयो रणखेतनमा पायोकहां शोचिअबज्ञान ।
संभरिकै बैठौ तुमस्यंदनमा लैकरगहौधनुषऔबान६१
शत्रुसंहारौ समरभूमि मा पारथधीर बीर बलवान ।
स्वर्ग बसेरा सबकाहूका इकदिनअवशिजाइहै जान६२
वृद्धबाल औ ज्वान सयाने कोउ न बचै कालकीफांस ।
सृष्टिबिधाताकैजहंलगहै इकदिनहोयअवशिकैनास६३
दोषतुम्हारो कछुनाहीं है दुनिया फंसी कालकीदाम ।
साहसचहिये रेक्षत्री का उनके लरन मरन केकाम६४

समर भूमिते जोतजिभागै ताकोहोय न कीरति नाम।
हँसै शूरमासबतारीदै औना मिलै अंतमम धाम ६५
दानमान औविजयवीरता यहसबधर्म क्षत्रियन क्यार।
तातेपारथधनुहाथेगहु यहुना समयशोचिबो त्वार ६६

इतिश्री उन्नाम प्रदेशान्तर्गत बंथरग्राम निवासि बाजपेयि पं० रामरत्नस्या
ज्ञाभिगामी स्वप्रदेशान्तर्गत मसवासीग्राम निवासि पं० बन्दीदीन
दीक्षित निर्मित महाभारत भाषा भारतखण्डान्तर्गत भीष्मपर्व
कृष्ण कृत अर्जुन शिक्षा वर्णनन्नाम द्वितीयोध्याय: २॥

हाथजोरि कै पारथबोले सुनिये दीन बंधु यदुनाथ।
मारिकुटुम्बो औ मैयनका मैंकेहिभांतिन होउंसनाथ १
पुण्यखोइजाइ जन्म जन्मकै होवै महापापकै खानि।
अंतकालका यम पुर देखै होवै सुकृत सर्व की हानि २
कुलगुरुबंधव सबरण मारैं ऐसा कहा होयममकाज।
राजिन लेहैं। गोत्र बद्धकै जैहैं। बनैं छोंड़िकै राज ३
तब समुझायो फिरिमाधवने पारथ वचन करौपरमान।
वेदवाक्य हम तुमसनभाषें भाषैं जो कछु कहैपुरान ४
जीवत संगै के साथी हैं माता पिता बंधु गुरु भ्रात।
होयनसंगी अंतकालको उ झूठो सबै जगत को नात ५
अपनो संगी धर्म कर्म है दूजो जाय संगना साथ।
मायाफंदन कोउ छूटना लागो जन्म मरण के हाथ ६
जन्म मरणते वा दिन छूटै होवै पुण्य पापते नास।
शरण हमारी सो पावतिहै पावै सोई स्वर्ग को बास ७
सृष्टि विधाता को जहंलगहै बांधो पुण्य पापकी दाम।
नर देही की जर एही है आवे धर्म कर्म निजकाम ८

माया बंधनते सोइ छूटै जाके हिये प्रकाशै ज्ञान ।
मन चंचलता औधीरजते पावै भुक्ति मुक्तितन प्रान ९
दशहू इन्द्रिन को राजा है यह मन भुक्तिमुक्ति दातार ।
दयाविराजै जाके उरमें ताउर धर्म करै परचार १०
सृष्टि विधाता की जहंलग है सब के हृदय मोरहै बास ।
बेद बखानतहै नीकी बिधि आतम जीवमोरपरकास ११
नदियन मैहांहैं गंगाजी पारथ रूप हमारोइ मान ।
पीपरजानौमोहिंवृक्षनमा ऋषियनमांझदेवऋषिजान १२
औऐरावत है हाथिनमा देवन मध्य कपिल महराज ।
हयउच्चैश्रव मैं बाजिनमा बेदनसामबेद सों काज १३
मैं हौं शंकर रे भक्तनमा पुरुषन मध्य नृपतिमोहिंजानु ।
हौं सुर नायक मैं देवनमा सर्पनमध्य बासुकी मानु १४
नागनमैहांजानु अनंतहि औ नव ग्रहन मध्य मैं भानु ।
जानुहुताशनरेतेजनमा नारिन श्रेष्ठ अंगना जानु १५
गुणतीनौ मा सतगुण जानौ पारथ वचन करौ परमान ।
जोकहुं उपजौमृत्युलोकमा चारिउबरणमध्यअनुमान १६
लिखे विधाता के सब होइ हैं अपने धर्म कर्म अनुसार ।
तातेशंका तुममानौना होइ है सब प्रकार निर्धार १७
विजयपत्र लेव रणसागर में होइ है सदातोर कल्यान ।
वहिक्षनपारथबोलनलागे सुनियेकृष्णचन्द्रभगवान १८
ज्ञानदृष्टि जोमोहिंदरशावो तौबनिजाय मोरसबकाज ।
सुनिअसवाणीहरिअर्जुनकी कीन्ह्योयथातथ्यसोइसाज
दिव्य दृष्टि अर्जुन कीकीन्ह्यो हरि दरशायोरूपविराट ।
ब्रह्मअण्डसबमुखमहंदीख्योमेघावरणशीशनभआट २०

भानु चंद्रमादोउनयनन को सुंदर शुद्धलख्योपरकास।
लख्योहुताशनशुभआननका रसना लख्योशारदावास
कंध महेशहि तारादंतन बाहू लख्यो सुभग सुरराय ।
लख्योविधातारेहिहिरदयका नाभीअंबुधिलख्योबनाय२२
पीठि अष्टवसुजंघादिगपति हैं पदविष्णु रोमतरुजानु।
हाड़ पहाड़नको तुम जानौ है मन बेदकारिकामानु२३
मांसवसुंधरिनखहैं नदिया अर्जुन दीख्यो रूपविराट ।
मुखविस्ताख्योकृष्णचन्द्रतब पारथलख्योनैनसोंडाटि२४
मृत्युवश्य सब दुनियां जान्यो अर्जुनअचरजरहेभुलाय।
कंपीदेही तब पारथकी रथपर नैन मूंदि रहिजाय २५
जब यह जानो यदुनंदनने अर्जुन रूपदेखि चकितान ।
रूपप्रथमहींकाधारणकियो तुरतैहरिविराटकोज्ञान २६
हंसिकै बोले तब पारथते पारथ नैना देहु उघारि ।
नैन उघारे जब पारथने सन्मुख लख्यो रूपवनवारि२७
गहेबछेड़न की जोतीकर रथ पर बैठ सारथी श्याम।
अस्तुतिठानीतबपांडवने हैयुगचरण नाथ परणाम २८
संत सहायकहेकमलापति तुम प्रभुअहौदीनजन प्रान।
जन्ममरणऔभक्तिमुक्तिके होतुम देनहारभगवान २६
शंका मेट्यो मोरे जियरेकै हेयदुनंदन दया निधान।
अबमैंलरिहौंसमरभूमिमा यह कहिलियोहाथधनुवान
शंख बजायोरे माधवने घूमन लागे लाल निशान।
खलभलपरिगा दूनौ दलमा संभरेसबैबीरवलवान ३१
सिंहदहारनि क्षत्री गरजे इतउतबंबदीन बजवाय ।
युद्धनगारा बाजन लागे क्षत्रिन अस्त्रलीनलवलाय३२

भयोकुलाहल दूनौंदलमा हाहाकार भयो असमान ।
बड़े २ योधाभे आगेको कैकै महादेव को ध्यान ३३
भीष्म पितामह द्रोणाचारज आगे बढ़े कर्णमहराज ।
भीमभयंकरआगेबढ़िगयो आयोसमरमनौयमराज ३४
धरिलैलकारीतव माधव ने पारथहाथ लैहुधनुवान ।
मुर्चालीजो तुम भीषम का करिये समर भूमिमैदान ३५
चाप संभार्यो करअर्जुन ने औभीषमहिं सुनाईहांक ।
करौंबंदना तुवचरणनमैं करिये समरयुद्ध की शाक ३६
यह कहि अर्जुनधनुषवान लै औभीषमपै दीनसंधानि ।
बीचहिकाट्यो गंगासुतने औकहि सुनौकृष्णभगवान ३७
भक्तकेकारणतुमसारथिभयो पाण्डवकसनाहोयंसनाथ ।
धनि पुरुषारथ हैपारथ का सारथिरथैभयेयदुनाथ ३८
रथै बढ़ायो तव सारथिने भीषम पाणिगह्यो धनुबान ।
युद्ध अरंभ्यो दूनौंदलमा उठिगे दोउ ओर घमसान ३९
अपने २ लै बरबरिहा मुर्चन लरन लाग बलवान ।
धरि२ गरजैं दोउदलयोधा आयोप्रलयकेरसामान ४०
भीमसेनदुश्शासनभिरिगे धृष्टद्युम्न द्रोण महराज ।
नकुलजयद्रथकामुर्चाभिरो कीन्हेसकलयुद्धकेसाज ४१
सहदेवशकुनीका जोटाभयो छोटाकोऊ समरमानाहिं ।
शल्ययुधिष्ठिरकै बरणीमैं लागोहोन युद्धरणमाहिं ४२
भिरिगसात्वकि औ भूरिश्रव औकृतवर्माभूप बिराट ।
द्रुपद नरेशहुके मुर्चापर लियोभगदन्तयुद्धकोठाट ४३
सोमदत्त ते उत्तर भिरिगो हैबलवन्ता तनय बिराट ।
काशिराजऔकृपाचार्यसों जारीभयो युद्ध को ठाट ४४

भूपअलंबुषते घटउत्कच औ शशिबिंदु शंख संग्राम।
द्रोणिशिषडीते मुर्छापरयो अपने किये युद्धके साम ४५
हैद्रुषमेनो चेतिकरिक्षा रणमाघोर युद्ध घमसान।
बानकैबरी छूटन लागे सबहुशियार भये बलवान४६
मर्मर २ उठैं घर्लुहियां रोदा ठनकि ठनकि रहिजाय।
बरसैंशायकदूनौंदलमा मानौ मघानखत झरिआय४७
अपन परावोपहिंचानैना क्षत्रिन मारुमारु रटलागि।
अपनो २ जीति मनावैं करषा ढाढ़ी सुनावै लाग ४८
बानअसंख्यनकैझरिबरसैं चहुंदिशि मारु २ रटलागि।
युद्धनिशाना बीरनबाना उड़ि २ करैं बढ़ेड़न मारु ४९
हौदाहौदाते इकमिलभयो ऊपर होय महउतनमारु।
शूरबरोबरिकै बरनी है एकते एक दई का लाल ५०
धुसेबढ़ेड़ा इक एकनमा हाथिन अड़ो दांत सां दांत।
पैदल पैदलको मुर्छापरो है असवारसंग असवार ५१
खरखर २ ई रथ दौरैं सारथि घोड़ा नचावति जायं।
गरजैं हाथी दूनौंदलमा कायरयुद्धछोड़िभगिजायं ५२
हलुके घायनके सहिजादे उठि २ फेरि गहैं धनुबान।
अपने २ मुर्छा डाटैं बरसैं बान भूमि असमान ५३
इन्द्रसकाने इन्द्रासनमा औ शिवडोलि उठे कैलाश।
देवता कंपे स्वर्गलोक मा रणमाउठिगे युद्धमसान ५४
देखैं तमाशा नभपर बैठे इत उत शूर समरकै मारु।
महाभयानकरणहल्लाभयो धरु २ मारु२ ललकारु ५५

इतिश्री उन्नाम प्रदेशान्तर्गत बंथरग्राम निवासि पं० रामरत्नस्याज्ञाभिगामी पं० बन्दीदीननिर्मितभीष्मपर्वे युद्धारंभ बर्णनन्नाम तृतीयोध्यायः ३ ॥

सुमिरि भवानी जगदंबा का रघुनंदन के चरणमनाय ।
भीषमपारथको महभारथ रहिगेआसमान शरछाय १
दोऊ योधा रणमा कोपे लोपे अन्धकार मा भान ।
क्रोधित ह्वैकै तब भीषमने मार्योबीशबानहनुमान २
कौनोकौन्यो ते कमती ना योधा महारथी बलवान ।
ऐंचिकमनियां फिरिरोदाते मार्योकृष्णहृदयदशबान ३
सहसबानसोंपारथतोपेउ पांडव स्यन्दनरह्योछिपाय ।
औंकुइबाननतेवाजिनका घायलकियोपितामह धाय ४
बरषाकीन्ह्यों रे शायककै रणमामच्योघोरघमसान ।
तीरकैबरी भर भर छूटैं खरखरउठैं अगिनियांबान ५
जीति मनावैं अपनी अपना औकुलदेवता रहेमनाय ।
आजु अखाड़े मा बरणीहै हे गणनायक होहुसहाय ६
सबदल बिचल्योहै पांडवका रोपे समर रहैं नापायं ।
सातै शरते ध्वजा गिरायो पांडव गयो सनाकाखाय ७
बान सुधार्यो रे धन्वा मा लैकै नाम दूर्गा माय ।
साठिकशायकहनिभीषमउर राख्योआशमानशरछाय ८
हनि २ मारैं सुत कुन्तीका जैसे गिरै इन्द्र की गाज ।
सातबाणते हन्यो पताका सारथिहिये बेधिदशबान ९
घायल कीन्ह्योहय भीषमके पारथ घोरबीर बलवान ।
तकिर मारैंदलकौरवका घैहागिरैं कराहि कराहि १०
बानकैबरी जेहिके लागै सोरण गिरै पछारा खाय ।
बड़े २ हाथी रे कौरवके सोरण भूमि गिरैं भहराय ११
करिसौखण्डारे स्यंदनके केतनेउ धरती दयेगिराय ।
मारिपछार्यो दलपैदल सब शंकाखायजायकुरुराय१२

बड़ि २ रानिनकेइकलौता हाथे लियेधनुष औवान।
कायरभागैंसंगरतजिकै अपने अपने लये परान १३
दूनौदलमा ढाढ़ी बोलैं करषाबीर सुनावति जायं।
स्वर्गबसेरासबकाहूके आखिर सबै स्वर्ग काजायं १४
उड़ि २ जुझौ कुरुक्षेत्रमा सोहराचले अगारी जायँ।
जैसे पातागिरितरवरते फिरिकै बहुरि वृक्षनाजायं१५
मानुषदेही यह दुर्लभ है ह्वैहैफेरि जन्मना आय।
जोकोउजूझै सन्मुख दलमा तेहिका इन्द्रपरीलैजाय१६
घायल ह्वैह्वैरणके दुलहा धरती गिरैंभरहराखाय।
हलुके घायन के सहिजादे उठि २ फेरिमारुवरायं१७
अतिरिसकोपेउपारथरणमा जलथल पूरिदीनबहुवान।
भागपखेरू तबजंगल का अपने लैलैभगे परान १८
एक वान जो पारथजोरैं धनुगुनहोयँ जोरि दशवान।
छोड़तसौतेहोयहजारन सब दलकाटिकीनखरिहान१६
युद्ध देखिकै तब पारथ का कौरव खायसनाकाजाय।
अतिशयकोपेउभीषमरणमा शायकधनुषलीन्हलवलाय
गनि २ मारयोपांडवदलका भागे समरछोड़िवलवान।
कायर भागैरे मुर्चनते अपने डारि भूमि धनुवान २१
ऐसिनौकरी हम करिहैंना नाभारू हैं कछू परान।
शूरहजारनघायलकरिकै भीषमहने अनगिनतबान २२
दोऊ बरोबरि पुरुषारथमा एकतेएकदई को लाल।
बहुरणदुलहाधरतीगिरिगयेनदियाबहैरक्तबिकराल२३
गिरिगइं पगड़ी रनशूर न की मानौकमलफूलउतराय।
कटि २ बाहूंभुइंमागिरिगइं मानौनागरहेमननाय२४

छोटे पर्वत सम हाथी गिरैं कल्ला कटैं बछेड़न केर।
गिरैं सांड़िया समर भूमिमा बेहरा गिरैं सिपाहिन केर २५
क्रोध आइ गो तब भीषम का लीन्ह्यो अग्निबान संधानि।
पांडवदलमा शंका होइगै अबतौ प्रलय आयन गिचानि २६
ज्वाल हुताशन शरते प्रगटी जस बड़वानल जरै कराल।
जलनै लाग्यो दल पांडव का क्षत्री भगे हालबेहाल २७
खलभल परिगै पांडव दलमा लागे जरन शूर सरदार।
पारथ साध्यो वरुणबाणका बरसन लाग मेघ जलधार २८
अग्नि बुतायो तब इक पलमा सम्हरे शूर पांडवन केर।
बल्लभी जिगरणशूरन के भीजे पुंखसहित शरढेर २९
छुटे नशायकरे धम्वाते व्याकुल भये बीर बलवान।
पवन अस्त्र कर भीषम लीन्ह्यों क्षनमहं पानी किह्यो उड़ान
सूखि सनाहै गई शूरन की लागे उड़न शूर असवार।
छूटे भुअंगम शर पारथके कीन्ह्यो नागपवन आहार ३१
फन फुफकारे अजगर धावैं लीलैं सैन शत्रु को धाय।
भये हलाहलते भट व्याकुल गिरि २ परें धरणि महराय ३२
लीन्ह पितामह तब खग पति शर देखत नाग भाग भयखाय।
हनि २ छोटै भीषम मारैं शूरन धरती देय गिराय ३३
धनुसंधान्यो फिरि पारथने भीषम रथैं दियो शर छाय।
हंसिकै बोले तब गंगासुत सुनिये महाराज यदुराय ३४
रथ दनहांक्यो यदुनंदनने भीषम पास गये नियराय।
जोरि गदोरि या भीषम बोलैं सुनिये संतभक्त सुखदाय ३५
लरिबे लायक अर्जुन नाहीं यह निजु बचन करौ परमान।
पांडुवंश के तुम रक्षक हौ सारथि भये आप भगवान ३६

संभरिकै बैठो अब स्यंदन पर घोड़नवागधरौमनलाय।
तीक्षणशायकमैंछांड़तिहैं अब पारथकोकरौसहाय ३७
जबसंधान्यों शरभीषमने गयोसुरलोक सनाकाघालि।
पांडवदलसबकांपनलाग्योऔभयमानभयेदिगपाल ३८
थर थर थर थर वसुधा कंपी कंपे शेष नाग पाताल।
जोशर पायो भृगुनंदनते भीषम छोंड़िदीन शरजाल ३९
भयोउजेरारेदशहूदिशि मानों उये सैकरन भान।
फिरिकैमाधवबोलनलागे पारथ खबरदारहो ज्वान ४०
सावधान ह्वै रथपर बैठो देखौ युद्ध केर सतिभाव।
अर्जुनशोच्योअपनेमनमा भीषम देनचहतशरघाव४१
जादिनपारथगे सुरपुरका दैत्यनमारि कीन सुरकाज।
मुकुटबंधायोशिरसुरपतिने मनमाखुशीभयेसुरराज ४२
शायक दीन्ह्यो तबअर्जुनको औपांडवसुतबातबनाव।
जब रणसंकटतुमका व्यापै शायक तुर्तछियो करिचाव
सो सुर शायक पारथ पाये तबते भयो किरीटी नाम।
शरसंधान्योसोइ पारथने औपढ़िमंत्रफोंकदियोबान ४४
जितने शायकरहैं भीषम के क्षनमाकाटिकीनखरिहान।
देखिशूरताअब अर्जुन कै मनमा खुशीभये भगवान४५
तब ललकारयोरे भीषम का सुनु गंगासुतबात हमारि।
साधिकैधन्वारथपर बैठो कीजै आजुसमरमारारि ४६
दूनौयोधाफिरि रणकोपे लाग्यो होन महासंग्राम।
जो कोउयोधासन्मुखजूझै तुरतैचलाजायसुरधाम ४७
भीमभयंकर मनमाकोपेउ रथतेउतरिपरयोअरगाय।
युद्धमचायो कौरवदलमा लस्करबीचगयोसमुहाय ४८

गदाकिचोटै जेहिकेलागैं मानौ कालिहकमारा आय ।
गदाप्रहारै जेहिहाथीके दलमाचिघरि२ रहिजाय ४६
गदाबह्वेड़के हनिमारै संगर गिरै भरहरा खाय ।
गदाबहादुरकेतनलागैं सोसुरलोक रहै नगिचाय ५०
मारिशूरमनके मुहं तोर्‌यो लस्कर मारिकीनसंहार ।
जोकोउपावै लखिआगेपै तेहिकाधरती हनैपछार ५१
स्यंदनस्यदन परधरिपटकै पहिया चूरचूर ह्वैजाय ।
बाजिबाजि पर धरि२ पटकै गजपरगज पछारैधाय५२
सबदलभाग्योरेकौरवका अपनी छोंड़िविजयकी आश ।
दूनौलस्करइकमिलहोइगे जहंसूझैनाअपनिपराय ५३
संभरिशूरमागे कौरव के अपने हाथ लिये धनुबान ।
इतउतशायक बरसनलागे लोपेअंधकार सा भान ५४
शायकछूटैं महारथिनके घैहा गिरैं करहिकराहि ।
कालबरोबरि क्षत्री छूटैं लागेघायकरैं ना आहि ५५
केतनेउं योधा रे कौरव के दीन्ह्यो पठै भीम यमधाम ।
जोकोउ योधा सन्मुखपावै रणकेफेरि न राखैकाम ५६
खलभलिपरिगैकौरवदलमा दीन्ह्योद्रोणगुरूतबहांक ।
सावधानहोसमरभूमिमा आोपाण्डवके पुत्रचलांक ५७
तुइंदलमारे रे कौरवका तेहिते बढ्यो गर्बबिकरार ।
आजुसोवैहौ तोहिंसंगरमा सुनुरेभीमसेन सरदार ५८
कामपर्‌योनाकोहु योधाते अबरणसहौ बीरकीघात ।
अबलग खेले तैं कूरन संग अबभोशूरसामुहोंतात ५९
धनुसंधान्यो द्रोणाचारज मार्‌यो भीमहृदयदशबान ।
भग्योवृकोदरअपनेदलका तबरथहांकिदीनभगवान६०

सन्हरेक्षत्री दूनौदलमा छूटनलगे कैबरी बान ।
पारथभीषमकोमुरचापरो एकते एक बीरबलवान ६१
लोहेआंकर दूनौ योधा काहू अंग न आवै घाव ।
पारथदेख्यो भीमसेनका भाग युद्धछोंड़ि बलराव ६२
दुचि तेदेख्यो रे पारथका भीषमहनेसहस दश ज्वान ।
शंखबजायो समर जीतिका घूमनलागेलालनिशान ६३
युद्धअन्तभा दूनौदलमा संध्याकाल अस्त भेभान ।
भईपराजय रे पाण्डवकै भीषमविजय कीन मैदान ६४
सैनाफिरिगइं दोउओरनकी क्षत्रिनलियोभवनकीराह ।
जीतिकोडंकाबाजनलाग्यो कौरवखशीमानहोइजाहि६५
मुर्चा फिरिगे दूनौदलके क्षत्रीगये आपने धाम ।
करैंरोसइयांसहगामिनितियक्षत्रिनखानपानकेकाम६६
हौदाउतरे तब हाथिनते औ तंग छूट बछेड़न क्यार ।
बख्तरउतरे रेक्षत्रिनके ज्वाननछोरिधरे हथियार ६७
पांचौ भैया भूप युधिष्ठिर गंगाजलसों कीन नहान ।
कलशमंगायो भरिगंगाजल तबस्नानकीन भगवान६८
पूजन करिकै महादेव का चौका गये युधिष्ठिरराय ।
कंचनथारनसजी रोसइयां भोजनकरैंसाथयदुराय ६९
तबै द्रौपदी बोलनलागी सुनिये कृष्णचन्द्र भगवान ।
आजु मूर्चा केहिक्षत्रीलियो केहितेरह्यो खेतमैदान ७०
सुनिकैबातैं रे द्रुपदीकी दीन्ह्योज्वाब कृष्ण महराज ।
आजुशूरता रहि भीषमते भीषमलियोखेतरणआज७१
सुनौदुलारे रनिकुन्ती के पारथ सुनौ हमारीबात ।
शंखशूरमा तुम्हरेदलका दलपतिकरौ होतपरभात७२

तुमसंहारो रे कौरवदल　तौ कछु बनै युद्ध की घात ।
कही द्रौपदीतबगोबिंदते सुनियेमहाराज यदुनाथ ७३
एक अंदेशा मोरे मनमा　सोमैं कहौं जोरिकै हाथ ।
शंखककरिहौ जो सेनापति　तौकाकरैं पांडुसुतनाथ ७४
इनतेयोधा को दूजोहै　मुर्चालेय पितामह क्यार ।
तब समुझायो रे माधवने　रानी सुनियेबचनहमार७५
हालतुम्हारो कछुजानोना　चहियेसमर युद्ध की घात ।
फिरिसलेलकार्योनृपबिराटको यदुपतिकृष्णचंद्रकहिबात
आजुचमूपति शंखैकरिहैं　देखिहैंसमरभूमि मैदान ।
तबबुलवायो धर्मराजको　दीन्ह्योमुकुटशंखशिरआन७७
जोरिगदोरियाबोलनलाग्यो　सुनियेभक्तनाथअसुरारि ।
तुवपदपंकज की दाया ते　होइहै नहीं पांडवनहारि७८
तुमअससारथि भे पारथके　भीषम लियोसमरमैदान ।
जोमैं सारथि तुमअसपावौं　सबदलहनौंएकहीबान ७९
दलबिचलावों रे कौरवका　योधासमर सोवावोंआज ।
केतन्योभीषमजो चढ़िआवैं　केतन्योंचढ़ैंद्रोणमहराज८०
पारनपावैं समरभूमि मा　सुनिये कृष्णचन्द्र महराज ।
तबहरिसात्वकिते बोलतभयो　सारथिहोहुशंखरथआज
बाग बछेड़नकी रथसाधौ　देखौ शंख भीषममैदान ।
लैकैअज्ञा तबमाधवकै　सात्वकिसजै शंखरथवान ८२
नवलबछेड़ारथमाजोतै　जिनकी थांभिबाग ना जाय ।
शंखसारथीहवै रथबैठ्यो　श्रीमाधवके चरणमनाय ८३
लैकैअज्ञा धर्मराज की　स्यंदन शंखबिराज्यो जाय ।
मुकुटबिराजैशिरसुबरणका मानौंभानुप्रभारहिछाय ८४

बिजयनगारे दलमाबाजे क्षत्री फेरि भये हुशियार ।
अपने अपने बाहन लैकै तुरतै फांदि भये असवार ८५
नंदिघोषपर पारथ सोहैं जोती गहे जगत के नाथ ।
मारूबाजाबाजनलागे क्षत्रिन अस्त्र शस्त्र लियेहाथ ८६
चलिभो लस्कर रे पांडव का जहंपर कुरुक्षेत्र मैदान ।
खम खम खमरस्यंदन दौरैं गरजैंगरूहांकदैज्वान ८६
चिघरैं हाथी रे लस्कर मा बाजै टाप बछेड़न केरि ।
घहरैं पइहा रथ रब्बनके कायर भगैं शायरनहेरि ८७
ढाढ़ी करखा गावन लागे सुनि भट बीररूप ह्वैजायं ।
घरीपहारुकके अरसामा पहुंचे समरभूमिमा जाय ८८

इतिश्री उन्नाम प्रदेशान्तर्गत बंथरग्राम निवासि बाजपेयि पं० रामरत्नस्या
ज्ञाभिगामी स्वप्रदेशांतर्गत मसवासीग्राम निवासि पं० बन्दीदीनदीक्षित
निर्मित महाभारत भाषा भारतखण्डान्तर्गत भीष्मपर्वचतुर्थदिन
युद्धारंभबर्णनन्नाम चतुर्थोध्याय: ४ ॥

सुनिदुर्योधनतबपांडवदल पहुंच्योसमरभूमिकेख्यात ।
जोरिगदरियाबोलनलाग्यो सुनियेभीष्म पितामहबात १
धनि२मातातुम्हरीकहिये जिनकीकोखिजन्मलियोतात ।
धनि२तुम्हरे क्षत्रीपनका राख्यो मोरिसमरमा बात २
अर्जहमारी यक सुनिलीजै तौसबबनैं सहजमा काम ।
मुर्चालीजौ रे पारथका करियेसहित पराजय श्याम ३
पारनपावैं अरजुन रणमा होइहै युगनयुगनलौंनाम ।
तादिनभीषमबोलनलागे सुनुकुरुनाथबचनअभिराम ४
करौतयारी समरभूमि कै हैना काम शोचिबे क्यार ।
मारूबाजातब बजबाय दये क्षत्री सबैभये हुशियार ५

विजय नगारा बाजनलागे घूमन लागे लालनिशान ।
रणकंडालैं हहरनलागीं सुनि सुनिसिंहभयेबलवान ६
बंब बोलिकै क्षत्री चलिभे घूमत ध्वजा बैरखै जायं ।
चिघरतहाथीदलमाआवैं इतउतघोड़ानचावतिजाय ७
हाथजोरिकै कौरव बोले ओ रणबाघौ बात वोनाव ।
भागिनजैयो कोउ मुर्चनते हैपति धर्म केरसतिभाव ८
जीति लड़ाई जो घर जैहौ दूनी तलबै देहौं बढ़ाय ।
देहौंजगीरै मैं क्षत्रिनका लरिकासातसाखिलगखाय ९
चलिभो लस्कर रे कौरवका आयोकुरुक्षेत्र मैदान ।
रथहैआगेभीषमपतिका अतिशयमहारथीबलवान १०
देख्यो भीषमपांडवदलका बांध्यो मुकुटशंखशिरआज ।
कीन्हौ कारण समरभूमिमा सैनापतीशंखमहराज ११
तबहिंबढ़ायोसात्यकिरथका कीन्ह्योभीष्मसामुहेंजाय ।
चारिउ नयनाइकमिलहोइगे करधनुबानलीनलवलाय
गिरैसलामी तब शूरनकै दीन्ह्यो शंखछोड़ि दश बान ।
काटिगिरायो सोभीषमने मारे शंख हियेदशबान १३
शंख सामुहैं सोशर काटे लागो होन परस्पर मारु ।
फिरिकैमार्यो रेभीषमका राजाशंखबानकतिफारु १४
देखिलड़ाईतबभूपतिकै मनमाभीष्म बहुत रिसिआन ।
बज्रप्रहारीकरशरलीन्ह्योछोड़्योकालसरिससोबान १५
बख्तर काटे रे अंगनके जूझन लगे सुघरुआ ज्वान ।
शायक बरसैं चौतर्फाते मानौ मेघ वृष्टि के धान १६
अपन पराओ तौसूझै ना क्षत्री गिरैं भरहरा खाय ।
तबरिसिआन्योराजाशंखौ घाल्योभीष्मअंगशरधाय १७

भीष्मपितामहके मुर्चापर शंखारहिगयो पार्थअड़ाय।
शूरन शूरन कै बरनीभै घरनीरही लोहसों छाय १८
पैदलपैदलकी बरनीभै औ असवारन ते असवार।
खटखट २ तेगा बरसैं चमकै छपक २ तरवारि १६
चलै सिरोही दूनौंदलमा घैहागिरैं कराहि कराहि।
रथीरथीसोंसारथिसारथि औ गजदंतदंतधरिखाहि २०
हल्लाहोइगयो दूनौंदलमा क्षत्रिन धरे हाथपर प्रान।
सुमिरिभवानीजगदंबाका पारथ हाथसुधार्योबान २१
स्यंदनहांक्यो यदुनन्दन ने अर्जुन करनलाग मैदान।
कटकपदातिनकाबहुमार्यो गिरिगेधराक्षारमोंज्वान २२
स्यंदनस्यंदनसंबचूरणकियो औअसवारउपरअसवार।
सैनसंहार्यो बहुकौरवकै शंकाखायजायं सरदार २३
कटि २ बोटीगिरैं खेतमा उठि २ रुण्डकरैं तरवार।
मुड़नकेरे मुड़चौराभये औ रुण्डनके लागपहार २४
गिरैंसुघरुआ रणखेतनमा नदिया बहै रक्तकी धार।
गिरेसिपाही दुर्योधनके कितनेउँ जूझिधराकीक्षार २५
धर्मकिसारथीकाललैलकार्यो मनमाकोपकियोकुरुनाथ।
जहांकपिध्वजकोरथठाढ़ो सन्मुखअस्त्रसुधार्योहाथ २६
दब्योदुशासनलैयोधनका स्यंदन घिर्योपांडुसुतक्यार।
धनुसंधान्यो दुर्योधनने लै कै नाम दूर्गा क्यार २७
तोप्योबाणन रथ अर्जुनका जैसे मेघ झरैं जलधार।
छायअंधेरिया दलभीतरगइ उड़िरहिसमरभूमिमाक्षार
अपनपरावो कछु सूझैना तबपारथ ने कियो बिचार।
बाणसुधार्यो रे धन्वामा जो शरदियोरहै सुरराज २८

सबशर काट्योदुर्योधन के औ हनिमारे भूप हजार ।
तबशंखध्वनिअर्जुनकीन्ह्यो वहपाण्डवनशूरसरदार ३०
छत्रभूपतिनके भुइंमागिरे मणिमयचर्मकि २ रहिजायं ।
शीशहजारन धरतीपाटे काटे रुण्डमुण्ड अलगाय ३१
जौनीदिशिकाअर्जुन ताकैं तहं रथहांकिदेयं भगवान ।
अथजल मुर्दा धरती लोटैं जिनके लगेकरेजेबान ३२
लोथिचिह्हारीलैलैभागैं चहुंदिशि कागरहे मड़राय ।
लिहेयोगिनी खप्पर नाचैं औ बैतालकलोलैंगाय३३
रुण्डमुण्ड लै पक्षी भागैं लरिलरि खायं शूरमनस्यार ।
सबदल विचलयो दुर्योधनका रोंपेरहैंसमरनापायं ३४
कौनशूरमा है धरतीमा मुर्चालेय कपिध्वज क्यार ।
बैठसारथीजिहिके रथपर त्रिभुवननाथकृष्णकर्तार ३५
गरजिदुशासनरे सन्मुखभयो मार्योसातपारथहिबान ।
कोपिकैपारथशायकमारोसारथिगिरोदुशासनक्यार३६
उतरि दुशासन भुइंमाआयो मारोकृष्णहिये दशबान ।
हट्योदुशासनजबमुर्चाते सन्मुखभयोसुयोधनज्वान ३७
झुके शूरमा दूनौ दलके अंधाधुंध चलैं हथियार ।
मारिशायकनतेरथपाटो स्यंदनछिप्योधनंजयक्यार ३८
धायवृकोदरतबसन्मुखभयो औरणमांझ दीनिललकार ।
भागिगजैयोकोउसन्मुखते करियेयुद्ध साजिहथियार ३९

क० । कूपतड़ागनबाग जहां सुरमन्दिर हीन सो ग्राम नहींहैं ।
हैंद्विज सेव न पूजनदेव न मंगल भेव सो धाम नहींहैं ॥
धर्म सुकर्म के पंथ लग्यो नहिं बंदितसोवह दामनहींहैं ।
कूरन को रनमें डरपे रन शूरन के यह काम नहीं हैं ४०

भीमसेन के तब मुर्चा पर संगररच्यो द्रोण महराज ।

दुओशूरभाइकमिलहोइगे अपने युद्धविजयकेकाज४१
तब लैलकारयो गंगासुतने सुनिये गुरुद्रोणमहराज ।
कौरव पारथ का मुर्चा है एकते एक शूरशिरताज ४२
शंख भूप का तुम मुर्चा लेव तौकछुबनै युद्ध के काज ।
मैंबलदेखौंतौपारथकाकिहिविधिकरै समरकोसाज ४३
इतनाकहिकै गंगा सुतने अपनो स्यंदन दियो बढ़ाय ।
रथ दुर्योधन का पाछेकियो आगे हांकसुनायो धाय४४
सम्हरौ पारथ समरभूमिमा तुम्हरोकालरह्योनगिचाय।
तुइँदलमारे बहुधोखेमा अबकरुसमरशस्त्रकरलाय ४५
कृष्णसहायनते बचिआयो ओ पांडवके राजकुमार ।
सुनिकैबातैंतबभीषम की अर्जुनकियोकोपविकरार ४६
बाणसुधारो धरिधन्वामा औ भीषम का दयो जवाब ।
ऐसी बातैं तुम भाषौना गंगासुवन भीष्म महराज ४७
मैंमंसइया सब की देख्यों जादिन घेरो नगर विराट ।
मारिशूरमनको मुहं फेरो जीत्यों बड़े बड़े सम्राट ४८
बड़ि २ बातैं तुम ब्वालौना देखिहैं आजसमरमैदान ।
भिरिगे योधा दोउआपसमा छूटनलागकैबरी बान ४९
बड़े लड़ैयादोउ धनुधारी एकते एक समर बलवान ।
रहि २ गरजैं रथऊपरते बर्षामनौ मेघ घहरान ५०
यहोलड़ाई पीछे परिगै अबआगे के सुनौ हवाल ।
शंखद्रोणते मुर्चापरिगो मानौं लरैं समरमा काल ५१
बाण बाण ते धरि २ काटैं लागे अंग घाय विकराल ।
चारिउघोड़ागुरुस्यंदनके डारो शंख एकशरघालि ५२
स्यंदनटूट्यो गुरुनायकका घायल कियो सारथी धाय ।

बहुदल मारो दुर्योधनका शंकाखाधगयोकुरुराय ५३
मुर्छाफिरिगो गुरुनायक का राजा शंख लीन मैदान ।
मनमाक्रोधितगुरुनायकभये कीन्हों ब्रह्मअस्त्र संधान
शंख सामुहं तब ललकारो रे शठसंभरु हाथ लै बान ।
एकैशायकतोहिंकामरिहैं। हैमोहिंपरशुरामकीआन ५५
लाखुदोहइया शिवगंगाकै लैहैं। हाथ न दूजो बान ।
करिअभिमंत्रिततबशायकको जोरोद्रोणधनुषमाबान५६
थर थर थरथर बसुधा कंपी डोले शेषनाग भय मानि ।
डगमग २ दिग्गजडोले देवतनछांड़ि दीनअस्थान ५७
जगमग २ शायक चमकैं मानों उदय हजारन भान ।
ज्वालाजमकीरेलस्करमा मानौंप्रलयआयनगिचान५८
डरो सात्विकी रे जियरेमा अबधौंकाह होयभगवान ।
ब्रह्मअस्त्र ना खालीजैहै जैहैंसमरआजु हठिप्रान ५६
